an>

Title: Need to allot land for District General Post Office in Begusarai District of Bihar.

श्री भोला सिंह (बुलंदशहर) : माननीय सभापति जी, 65 वर्षों की संसदीय व्यवस्था में रहते हुए भी बिहार के बेगुसराय जिले में डाक-तार कर्मचारियों का जिले में कोई प्रधान कार्यालय नहीं है। उनके पास न जमीन है, न भवन है। पिछली जो केन्द्रीय सरकारें रही हैं, उनके स्तर से बहुत प्रयास हुए, परन्तु बेताल उसी डाल पर बैठा है।

सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से वर्तमान केन्द्रीय सरकार के माननीय मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि प्रधान डाकघर कार्यालय नहीं रहने के कारण कर्मचारियों की जो वेदना है, उनकी जो पीड़ा है, उनकी गुणवत्ता का जो ह्रास हुआ है और उनको जो भाड़े के मकान में रहने के कारण जलील होना पड़ता है, यह दुखद कहानी अब मिटनी चाहिए।

सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि पिछले दिनों वहां के समाहरणालय के माध्यम से केन्द्रीय सरकार के स्तर पर प्रयास हुए। केन्द्रीय सरकार ने अभी हाल में एक करोड़ रुपए की राशि देने का आश्वासन दिया है, परन्तु बिहार सरकार सांप की कुंडली मार कर उस पर बैठी हुई है।

सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहता हूं कि बिहार सरकार बेगुसराय नगरनिगम होने के कारण 14 लाख रुपए और मांग रही है। केन्द्रीय सरकार 14 लाख रुपए अतिरिक्त देकर बेगुसराय जिले में डाक-तार कर्मचारियों का प्रधान कार्यालय खोलने के लिए कदम उठाए, मैं इस ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।